हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 11 जनवरी 2024

04 टीएल बैठकः भूअर्जन और भूमि आवंटन के कार्यों ...



07 भारत में नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता और प्रथम...





## खबर संक्षेप

### बिजली शिकायतः जनसुनवाई आज

**सीहोर।** मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम द्वारा 11 जनवरी को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। इस जनसुनवाई में सीहोर वृत्त अंतर्गत आने वाले विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत बिल से संबंधित, मीटर से संबंधित, नवीन कनेक्शन में विलंब, विद्युत आपूर्ति में व्यवधान, वोल्टेज से संबंधित, लोड शेडिंग/अधिसूचित विद्युत कटौती, सुरक्षा निधि पर ब्याज अदायगी इत्यादि शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ता 11 जनवरी को सुबह 11 बजे से पहले दशहरा वाला बाग स्थित वृत्त कार्यालय पर उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### पीड़ितों के लिए 83 लाख रुपए स्वीकृत

**सीहोर।** 2023 में पीड़ित प्रतिकर योजनाओं के तहत अपराध से पीडितों को 49 प्रकरणों में 83 लाख 10 हजार रुपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मुकेश कुमार दांगी ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण गंभीर अपराध से पीडितों को इस कार्यालय के माध्यम से प्रतिकर की राशि स्वीकृत की जाती है। हत्या, बलात्कार, बालकों के विरूद्ध यौन अपराध, एसिड अटैक, 40 प्रतिशत से अधिक स्थायी निशक्तता, शरीर के महत्वपूर्ण भाग पर चोट, महिलाओं के विरूद्ध अपराध आदि अपराधों से पीडितों, उनके वारिसान को पुनर्वास के लिए प्रतिकर राशि प्रदान की जाती है।

### पंद्रह जनवरी तक मनेगा महिला सशक्तिकरण सप्ताह

**सीहोर।** 15 जनवरी 2024 तक महिला सशक्तिकरण सप्ताह मनाया जा रहा है।महिला सशक्तिकरण सप्ताह के दौरान विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायतों को पुरूस्कृत किया जायेगा, प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित बालिकाओं का सम्मान, शौर्य दल के सदस्य जिन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया हो उन्हें भी सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त ऐसी बालिकाएँ जिनके द्वारा सूचना दी जाकर स्वयं का बाल विवाह रोका गया हो, को भी सम्मानित किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी के अवसर पर सभी सीसीआई, संप्रेक्षण गृह, वनस्टॉप सेंटर, स्वाधार गृह में योग दिवस पर सूर्य नमस्कार किया जायेगा। सभी 52 जिलों के 57 वनस्टॉप सेंटर अन्तवासियों परामर्श सत्र आयोजित कर घरेलू हिंसा की पीड़िता के लिये सहायता योजना की जानकारी दी जाएगी।

### लोकसभा चुनाव और नई राज्य सरकार के आगामी रोड मैप को लेकर होगा चिंतन, सौंपी जाएगी जिम्मेदारी

# संघ और भाजपा की चिंतन बैठक आजः अरुण कुमार बीएल संतोष और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल

बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी होंगे शामिल। क्रिसेंट रिजोर्ट के सभागार में सुबह 11 बजे से शुरू होगी चिंतन बैठक।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने प्रचंड बहुमत हासिल किया। जीत के साथ ही एमपी में फिर से बीजेपी की सरकार बनी है। तो वहीं कांग्रेस को इस चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं अब मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरु कर दी है। बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने 11 जनवरी को सत्ता-संगठन की बैठक आयोजित की है। इस बैठक में सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

इस बैठक में लोकसभा चुनाव की जवाबदारी के साथ 22 जनवरी को भगवान श्रीरातलला की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम और इसी मुद्दे को लोगों के घर_घर पहुंचाने के मसले पर भी चर्चा होगी। इस बैठक में 54 लोग शामिल होंगे। नई सरकार बनने के बाद प्रदेश स्तर पर यह पहली बैठक होगी। इससे पहले संघ और भाजपाक बैठक करीब एक साल पहले रातापानी रिजोर्ट में हुई थी। बैठक को चार सत्र में बांटा गया है। ब्रेक फास्ट के बाद बैठक शुरू होगी। इसके बाद लंच हाईटी और अंत में विदाई का कार्यक्रम होगा। बुधवार को बैठक स्थल का एसडीएम और सीएसपी ने निरीक्षण किया।

#### लोकसभा चुनाव को लेकर बनेगी रणनीति

इस होने वाली बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जाएगी तो वहीं बड़े नेताओं को जवाबदारी सौंपी जाएगी। इसके अतिरिक्त बैठक में बीजेपी के 163 विधायक व हारी हुई सीट के प्रत्याशियों को भी चुनावी ड्यूटी सौंपी जाएगी। बीजेपी का लक्ष्य है कि हर बूथ पर 51 फीसदी वोट शेयर सुनिश्चित किया जाए। इसकी भी प्लानिंग की जाएगी।

#### भाजपा के ये पदाधिकारी जुटेंगे

बताया जा रहा है कि सीहोर के एक रिसॉर्ट पर संघ और भाजपा के पदाधिकारी जुटेंगे। बैठक करीब सुबह 11 बजे शुरू होगी जो दिनभर चलेगी। बैठक में आरएसएस की ओर से अरुण कुमार, दीपक विस्पुते के साथ भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्र बीएल संतोष, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय महामंत्री अजय जमवाल मौजूद रह सकते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

## भाजपा राम दर्शन मंदिर समिति आयोजन की बैठक आयोजित




**सीहोर।** बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राम दर्शन अभियान समिति के संभाग प्रभारी राजेश तिवारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मल्लपुरम दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रवि मालवीय द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश तिवारी के द्वारा राम मंदिर दर्शन अभियान समिति से जुड़ी जानकारियां कार्यकर्ताओं को दी गई सभी मंडलों में 11 जनवरी से 13 जनवरी तक बैठक आयोजित की जाए एवं 14 जनवरी से 22 जनवरी तक देवस्थान धार्मिक स्थान पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए 22 जनवरी को रामलाल प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन सभी धार्मिक स्थान पर भाजपा कार्यकर्ता आमजन को भजन कीर्तन के साथ जोड़ा जाए प्रमुख स्थानों पर एलईडी की व्यवस्था की जाए यहां भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आमजन लोग देख सके शाम को घर-घर राम ज्योति जलाई जाए हर घर के सामने दरवाजा पर रंगोली बनाई जाए प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन प्रसाद वितरण किया जाए 25 जनवरी के पहले लोगों की सूची बनाई जाए जिले से 5000 से अधिक कार्यकर्ताओं अयोध्या में राम लाल के दर्शन का लक्ष्य रखा गया है जो व्यक्ति संपन्न है वह अपने टिकट से व्यवस्था की जाएगी उसकी और जो संपन्न नहीं है उसका कार्यकर्ताओं के द्वारा व्यवस्था की जाएगी देशभर से 430 ट्रेन चलेगी हमारे जिले में कर दो रेलवे स्टेशन है यहां से योगी दर्शन आरती ट्रेन में जाएंगे उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा और की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में राम दर्शन अभियान समिति की घोषणा की गई। जिसमें कल्याण सिंह ठाकुर को जिला संयोजक बनाया गया। रवि नागल, लखन यादव, जितेन गौर सहसंयोजक नियुक्त किए गए। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भूपेन सिसोदिया और पार्षद संतोष कुशवाहा मंडल अध्यक्ष रुपेश पटेल राजेंद्र शेषनारायण परमार प्रेम नारायण मीणा धीरज पटेल भागीरथ नगर पंकज परमार गिरीश सोलंकी दिनेश मेवाड़ा प्रताप जाट राजेश परिहार आशीष पचौरी बृजेंद्र सिंह ठाकुर सुनील परमार सतीश पाटीदार राजू धरवा ललित धरवा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहा है कार्यक्रम का आभार प्रवीण नागल में व्यक्त किया।

## 25 महिलाओं की लोन की किश्त ढाई लाख रुपए लेकर चंपत हो गया था बदमाश, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर




25 महिलाओं से लोन की किस्त के पैसो की धोखाधड़ी कर 2 लाख 56 हजार 375 रूपये का गबन करने वाले आरोपी को 24 घंटे के अन्दर पुलिस ने गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में थाना श्यामपुर पुलिस ने गबन करने वाले आरोपी को 24 घंटे के अन्दर दबोच लिया।

थाना प्रभारी श्यामपुर निरीक्षक रामनारायण मालवीय ने बताया कि 09 नवंबर 2023 को फरियादी संकेत धाकड़ पिता चतुरनारायण (25) निवासी छबारा थाना बरेली जिला रायसेन हाल खुशबू कालोनी श्यामपुर स्पंदना स्फूर्ति फायनेंस लिमिटेड शाखा प्रबंधक ने रिपोर्ट किया कि महेन्द्र मेवाड़ा ने स्पंदना स्फूर्ति फायनेंस लिमिटेड के फायनेंस धारक 25 महिलाओं के लोन की किशत के कुल 2 लाख 56 हजार 375 रूपये प्राप्त कर शाखा मे जमा न कर रूपये लेकर फरार हो गया था।

जिस पर पुलिस ने आरोपी महेन्द्र मेवाड़ा पिता प्रेमसिंह मेवाड़ानिवासी लोरास थाना पार्वती के विरूद्ध अपराध धारा 420,409 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौराने विवेचना प्रकरण मे त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी महेन्द्र मेवाड़ा (32) साल निवासी लोरासखुर्द थाना पार्वती को 24 घंटे के अन्दर इंदौर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई ।

### नेहरू युवा केंद्र करेगा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**सीहोर।** नेहरू युवा केन्द्र द्वारा 15 से 29 वर्ष के युवाओं के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विषय ₹माय भारत– विकसित भारत @2047₹ रहेगा। भाषण की अधिकतम समय सीमा 7 मिनट होगी। गूगल फॉर्म द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होंगे, जिसकी अंतिम तिथि 10 जनवरी है। गूगल फॉर्म लिंक फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर पर उपलब्ध रहेगी। प्रतिभागी को सीहोर जिले का मूलनिवासी होना चाहिए और माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। राज्य स्तर पर प्रथम विजेता को 1 लाख, द्वितीय पचास हजार, तृतीय स्थान पर दो प्रतिभागियों को पृथक–पृथक पच्चीस हजार रु पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए नेहरू युवा केन्द्र सीहोर के जिला कार्यालय पर संपर्क करें और सोशल मिडिया हैंडल्स पर जाएं।

### जिपं सदस्य के निर्वाचन 27 जनवरी को शराब की बिक्री पर प्रतिबंध

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला पंचायत सदस्य सीहोर के रिक्त पद की पूर्ति के लिए निर्वाचन कार्यक्रम 29 दिसंबर को जारी किया गया था। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदान 27 जनवरी 2024 को निर्धारित है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शराब की दुकानें मतदान के समाप्त होने के 48 घण्टे पूर्व से बंद रखी जाए तथा क्रय-विक्रय पूर्णतः बंद किया जाए।

### अब कॉलेज में खुलेगा विद्यार्थी का एबीसी खाता

**सीहोर।** जिस तरह देश के हर नागरिक के लिए आधार कार्ड जरूरी है, उसी तरह अब हर विद्यार्थी का एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) खाता खुलेगा। इसमें उसकी पढ़ाई का पूरा रिकार्ड रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने सभी विद्यार्थियों के लिए यह अनिवार्य किया है। एबीसी एक प्रकार की बैंक है जिसमें हर विद्यार्थी की प्रत्येक परीक्षा का रिकार्ड हमेशा के लिए स्टोर रहेगा।

इसी बैंक के आधार पर अब विद्यार्थी को देश-विदेश में कहीं भी आगे पढ़ाई करनी हो या कहीं नौकरी में जाना हो तो उसे मार्कशीट और डॉक्यूमेंट साथ लेकर चलने की जरूरत नहीं रहेगी।

## बुरी नियत से हाथ पकड़ने वाले अभियुक्त को एक साल का कारावास और एक हजार का अर्थदंड



**सीहोर।** कोर्ट ने बुरी नियत से हाथ पकड़ने वाले अभियुक्त को 1 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1 हजार का अर्थदंड की सजा सुनाई है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वंदना त्रिपाठी आष्टा ने अभियुक्त बबलू उर्फ शाकिर पिता रासद उर्फ रियासत खां (35) निवासी-आमखेडी, थाना सिददीकगंज, जिला सीहोर को धारा 354 भादवि में 1 वर्ष का कठोर कारावास एवं रू 500 रुपए अर्थदंड एवं धारा 323 भादवि में 6 माह का कठोर कारावास एवं रू 500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। अति. जिला अभियोजन अधिकारी, देवेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि घटना दिनांक 05 जुलाई 2018 को दिन में करीब 10 बजे अभियोक्त्री चांदनिया के जंगल में अकेली पत्ता तोड़ने गयी थी, वही पर अभियोक्त्री के गांव का निवासी अभियुक्त बबलू मवेशी चरा रहा था। तभी अभियुक्त ने अभियोक्त्री के पास जाकर बुरी नियत से उसका हाथ पकड़कर खीचने लगा। अभियोक्त्री के चिल्लाने पर अभियुक्त ने अपने हाथ में रखी लकड़ी से मारपीट की जो अभियोक्त्री के सीधे हाथ के बाजू में लगी, अभियोक्त्री ने अभियुक्त को धक्का देकर अपना हाथ छुडाया तब अभियुक्त ने अभियोक्त्री से कहा कि यदि उसने यह बात किसी को बतायी तो उसे जान से खत्म कर देगा। घटना के अगले दिन फरियादी अभियोक्त्री ने थाना सिददीकगंज जाकर घटना की मौखिक रिपोर्ट लेख करायी। रिपोर्ट के आधार पर थाना सिददीकगंज में अपराध धारा 323, 354 एवं 506 भारतीय दंड संहिता का अपराध अभियुक्त के विरूद्ध पंजीबद्ध हुआ। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने अभियोजन साक्ष्य एवं अंतिम बहस के दौरान अभियोजन के तर्को से सहमत होते हुए अभियुक्त को दोष सिद्ध पाते हुए धारा 354 भादवि में 1 वर्ष का कठोर कारावास एवं रू 500 रुपए अर्थदंड एवं धारा 323 भादवि में 6 माह का कठोर कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया।

## 25 मार्च को साल का पहला प्रतिछाया चंद्रग्रहण, पूरे साल में लगेंगे चार ग्रहण

**सीहोर।** खगोलीय घटनाक्रम के अंतर्गत पूरे साल में कुल चार ग्रहण लगेंगे। साल के सबसे पहले ग्रहण की शुरुआत 25 मार्च को प्रतिछाया चंद्रग्रहण से होगी। हालांकि हमारे देश में वर्ष 2024 का कोई भी ग्रहण दृश्य नहीं होगा। पंडित गणेश शर्मा ने बताया की साल का पहला ग्रहण 25 मार्च को होगा। 25 मार्च को प्रतिछाया चंद्रग्रहण रहेगा। इसकी शुरुआत 25 मार्च की सुबह 10.21 बजे होगी। दोपहर 12.42 पर मध्य की स्थिति होगी और दोपहर 3.04 बजे मोक्ष होगा। प्रतिछाया चंद्रग्रहण में चंद्रमा का कोई भी भाग पृथ्वी की वास्तविक छाया से नहीं ढंकता है। इसलिए इसे सामान्यतः ग्रहण के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है। हालांकि यह ग्रहण विदेश में रहेगा। इसलिए सूर्य व चंद्र ग्रहण का समय भारत के समय से अलग रहेगा। इसके बाद 8 और 9 अप्रैल की रात पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा। पूर्ण सूर्य ग्रहण की शुरुआत रात 10.10 बजे होगी। रात 11.45 बजे मध्य की स्थिति रहेगी और रात्रि 1.24 बजे मोक्ष होगा। इसके बाद 18 सितंबर को आंशिक चंद्रग्रहण लगेगा। इसकी शुरुआत सुबह 7.41 बजे होगी, जबकि मोक्ष सुबह 8.46 बजे होगा।

**साल का आखिरी सूर्यग्रहण 2-3 अक्टूबर को :** साल 2024 का आखरी और चौथा ग्रहण कंकणा कृति सूर्यग्रहण 2-3 अक्टूबर की रात होगा। कंकणा कृति सूर्यग्रहण की शुरुआत रात 10.23 बजे होगी। रात 12.15 बजे मध्य की स्थिति और रात 2.06 बजे मोक्ष होगा।

### मौसम विभाग का अनुमान आने वाले दो दिन इसी तरह रहेगा मौसम

# मौसमः एक दिन धूप निकलने के बाद सुबह छाया घना कोहरा, दस मीटर रही विजिबिलटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में बुधवार को इस सीजन का सबसे गहरा कोहरा देखने को मिला। कोहरे के घने होने का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि विजिबिलिटी मुश्किल से 10 मीटर तक ठहर गई। चारों ओर घना कोहरा ही कोहरा छाया हुआ दिख रहा था। बुधवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिन ऐसा ही मौसम रहेगा।

जानकारी के अनुसार इस माह की शुरुआत से ही तेज ठंड ने अपना असर दिखना शुरू कर दिया है। रुक-रुक कर दिन प्रतिदिन घना कोहरा रोजाना बढ़ता ही जा रहा है, लेकिन बुधवार की सुबह जब लोग जागे तो बाहर पूरा जिला घने कोहरे की गिरफ्त में था। चारों ओर घना कोहरा छाया हुआ ही दिख रहा था। ओस की बूंदे लगातार गिर रही थीं। सड़क किनारे लगे पेड़ों पर ओस जमा होकर हवा चलने पर जमीन पर भी गिर रही थी, जिसे पेड़ों के नीचे बारिश जैसा एहसास हो रहा था। इतना अधिक कोर इस सीजन में पहली बार छाया तो मार्गो पर आवाजाही भी काफी कम देखी गई।

**शीत लहर से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी :** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने शीतघात व शीत लहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील आम नागरिकों से की गई है। उन्होंने बताया कि शीत ऋतु में वातावरण का तापमान अत्यधिक कम होने पर शीत लहर का चलना प्रारंभ हो जाता है। जिसके कारण मानव स्वास्थ्य पर अनेक विपरित प्रभाव जैसे सर्दी जुकाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण, हाईपोथर्मिया, अस्थमा, एलर्जी होने की आशंका बनी रहती है। प्रभावी शीत लहर से बचने के लिए गर्म एवं ऐसे कपड़े जिनमें कपड़ों की कई परतें होती है वह शीत लहर से बचाव के लिए अत्यधिक प्रभावी होते है। रजाई, कंबल, स्वेटर, गर्म कपडों का उपयोग किया जाना चाहिए एवं मफलर, आवरण युक्त जलरोधी जूतों का उपयोग किया जाना चाहिए। इस संबंध में जन जागरूकता के लिए मैदानी स्तर पर आशा, आशा सुपरवाइजर्स, एएनएम, एमपीडब्ल्यू को जनजागरूकता के लिए निर्देशित करने सिविल सर्जन तथा समस्त विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## 22 जनवरी को सीहोर स्थित हनुमान फाटक पर जलाए जाएंगे 10 हजार दीप



**सीहोर।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की धूम सीहोर में भी दिखाई देगी। नगर स्थित हनुमान फाटा (बड़ा हनुमान) मंदिर में भी 10 हजार दीप जलाए जाएंगे। यह आयोजन नगर के वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा परिवार द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। आयोजन को लेकर वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने बताया कि श्रीराम लला महोत्सव देश के लिए ऐतिहासिक क्षण होगा। इतने वर्षों के बाद श्रीराम लला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे हैं। ऐसे में इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह सीहोर भी बनेगा। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को 10 हजार दीप जलाए जाएंगे और एक बार फिर से नगर में दीपावली मनाई जाएगी। इस दौरान आतिशबाजी की जाएगी तो वहीं प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीहोर नगर में यह आयोजन सर्व सम्भाव की भावना के अनुरूप किया जाएगा। इस दौरान नगर के सभी सनातनी हिन्दुओं के साथ ही हमारे मुस्लिम भाई-बहनों सहित अन्य धर्मों के लोगों को भी आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने सभी नगरवासियों से अपील भी की है कि वे इस ऐतिहासिक एवं पावन उत्सव में शामिल होकर अपने नगर को गौरवान्वित करें एवं इस गौरवशाली क्षण के गवाह बने। श्री अरोरा ने कहा कि सीहोर नगर ने हमेशा से सर्व-सम्भाव का उदाहरण पेश किया है। नगर में हमेशा से सर्वधर्म की भावना के अनुरूप कार्यक्रम आयोहित होते रहे हैं। ऐसे में इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भी नगरवासी सर्वधर्म का उदाहरण पेश करेंगे और सभी इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह भी बनेंगे।

## खबर संक्षेप

### दुधारू पशुओं को लेने अंशदान राशि 25 से घटाकर की 10 प्रतिशत

**सीहोर।** मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय कार्यक्रम के तहत अब बैगा के साथ सहरिया और भारिया जनजातियों को भी शामिल किया गया है। इनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए शासन ने अंशदान राशि को भी कम कर दिया है। अब इन्हें 25 की जगह 10 प्रतिशत अंशदान करना होगा। मुख्यमंत्री दुधारु पशु प्रदाय कार्यक्रम में अब गायों के साथ भैंसों को भी शामिल कर लिया गया है। कार्यक्रम में अब हितग्राही की मंशा अनुसार दुधारु गाय के अलावा भैंस भी ली जा सकेगी। साथ ही इसका लाभ अब विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के साथ सहरिया और भारिया को भी मिलेगा। जनजातियों की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए हितग्राही अंशदान की राशि 25 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत कर दी गई है। हर पशुपालक को 2 दुधारु पशु गाय व भैंस दी जाएगी। कार्यक्रम में 90 प्रतिशत शासकीय अनुदान और 10 प्रतिशत हितग्राही अंशदान होगा। खरीदे गए सभी मवेशियों का बीमा होगा।
हितग्राहियों को इतनी मिलेगी राशि गाय के लिए एक लाख 89 हजार 250 रुपए और भैंस के लिए 2 लाख 43 हजार की राशि निर्धारित की गई है। गोप्रदाय में एक लाख 70 हजार 325 रु. शासकीय अनुदान व शेष 18 हजार 925 रुपए हितग्राही अंशदान होगा।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत निर्धारित गांवों में पहुंचकर चिन्हित पात्र हितग्राहियों को करें लाभांवित

# टीएल बैठक: भूअर्जन और भूमि आवंटन के कार्यों में तेजी लाएं: प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी

### सीएम हेल्प लाइन एवं विभागीय गतिविधियों की प्रभारी कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पंचायत सभाकक्ष में समय सीमा वाले विभागीय पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में श्री तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए विभागवार लंबित शिकायतों, के निराकरण के लिए की जा रही कार्यवाही तथा ग्रेडिंग की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए।

प्रभारी कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अधिक समय तक लंबित ना रहे। निर्धारित समयावधि में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए निराकरण किया जाए। उन्होंने जिला अधिकारियों को भी कार्यालय स्तर पर सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जा रहे शिविरों की समीक्षा करते हुए प्रभारी कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि इन शिविरों में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता हो तथा पात्रतानुसार चिहिन्त हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाए।

बैठक में प्रभारी कलेक्टर श्री तिवारी ने स्वास्थ्य, कृषि, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, आरईएस, जल निगम, महिला बाल विकास, जनजातीय कार्य विभाग, पंचायत ग्रामीण विकास, पीएचई सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की भी समीक्षा की।



#### निर्माण कार्यों की समीक्षा

बैठक में प्रभारी कलेक्टर सिंह ने लोक निर्माण, पीआईयू, जल संसाधन, प्रधानमंत्री सड़क, पीएचई, आरईएस, ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तथा समय सीमा पूरे किए जाएं। जिन कार्यां में विलम्ब हुआ है उन कामों की निरन्तर समीक्षा करें ताकि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा सके।

#### भू-अर्जन व भूमि आवंटन

प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री तिवारी ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जिन परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन किया जाना है तथा जिन परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटित कर ली गई है उनके प्रभावितों को मुआवजा की कार्यवाही की जाए। ताकि परियोजनओं का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। बैठक में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, डिप्टी कलेक्टर तन्मय वर्मा, मनीष शर्मा, आष्टा एसडीएम आनंद राजावत, सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

#### धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

जिले में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेकटर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आशीष तिवारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन और समय पूर्व व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर श्री तिवारी ने गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के लिए नाम 24 जनवरी तक भेजने के निर्देश दिए है। उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर प्रस्तुत की जाने वाली विभागों की झांकी के लिए झांकी बनाने के पूर्व थीम अनुमोदित कराने के लिए कहा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर झांकियों में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि, जल संसाधन, सामाजिक न्याय, पंचायत ग्रामीण विकास सहित अनेक विभागों द्वारा उपलब्धियों को दर्शाती एवं जागरूकता का संदेश प्रसारित करती चलित झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। बैठक में प्रभारी कलेक्टर श्री तिवारी ने गणतंत्र दिवस के आयोजन स्थल एवं आयोजन के विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी गई। गणतंत्र दिवस का आयोजन पुलिस लाईन में किया जाता है। जिसमें स्थल की साफ, सफाई, ध्वजारोहण, मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को शाल-श्रीफल वितरण, मुख्यमंत्री के भाषण की प्रति, प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, बेरिकेडिंग व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, परेड, झांकियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की विभिन्न विभागों के माध्यम से की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी कलेक्टर श्री तिवारी ने विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित व्यवस्थाओं की आवश्यक तैयारियों को समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## साहित्यकारों और कलाकारों को अब 25 हजार से एक लाख रुपए तक सहायता

**सीहोर।** जरूरतमंद साहित्यकारों एवं कलाकारों की लम्बी तथा गंभीर बीमारी, दुर्घटना, दैवीय विपत्ति एवं मृत्यु हो जाने की स्थिति में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए संस्कृति विभाग में संचालित योजना कलाकार कल्याण कोष को संशोधित करते हुए, नवीन ₹मध्यप्रदेश कलाकार कल्याण कोष नियम-2023₹ जारी करने की स्वीकृति मंत्रि-परिषद द्वारा विगत माह प्रदान की गई है।
पहले की योजना में जरूरतमंद साहित्यकारों एवं कलाकारों को गंभीर बीमारी, दुर्घटना, दैवीय विपत्ति एवं मृत्यु हो जाने की स्थिति में 500 से 5 हजार रूपये तक की सहायता देने का ही प्रावधान था। नवीन योजना में गठित सक्षम समिति की सिफारिश पर मंजूर की जाने वाली राशि अब न्यूनतम 25 हजार से लेकर अधिकतम 01 लाख रूपये तक की जाना है, जिसमें कलाकार, साहित्यकार की मृत्यु की स्थिति में उनके उत्तराधिकारी को एकमुश्त अधिकतम एक लाख तथा चिकित्सा उपचार के लिए अधिकतम 50 हजार रूपये दिए जा सकेंगे।

शारीरिक रूप से दिव्यांग कलाकार, साहित्यकार को दिव्यांगता के उपचार के लिए अधिकतम एक लाख रूपये दिये जा सकेंगे। परिवार के सदस्यों में साहित्यकार, कलाकार की आश्रित पत्नी/पति, आश्रित माता-पिता, आश्रित नाबालिग भाई-बहन, आश्रित नाबालिग संतान एवं आश्रित विधवा पुत्री के साथ आश्रित दिव्यांग भाई-बहन को भी आश्रितों में सम्मिलित किया जायेगा।

### पीएम श्रमयोगी मानधन योजना में 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रूपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी। इस योजना के संचालन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को अधिकृत किया गया है। इस योजना के लिए इच्छुक श्रमिक योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (कियोस्क) पर जाकर अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन के समय श्रमिक को आधार कार्ड एवं बैंक खाता नंबर अनिवार्य रूप से देना होगा।

## जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

**सीहोर।** कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक मे संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत ने विभागवार एजेण्डे के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रभारी कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी विभाग के कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से पूर्व के मांग एवं समस्याओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बैठक में अनेक संघों के पदाधिकारियों ने जिले में कार्यरत कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, लंबित एरियर्स की मांग, सेवा पुस्तिका का समय पर सांधारण, सेवा निवृति उपरान्त शीघ्र स्वत्वों का भुगतान सहित अन्य की मांग रखी। प्रभारी कलेक्टर ने कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के सभी मांग, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। प्रभारी कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी विभाग के अधिकारियों को लंबित एरियर्स के प्रकरण को नियमानुसार कार्रवाई कर समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिस विभाग में अनुकंपा नियुक्ति संबंधी प्रकरण के आवेदन लंबित हैं उन्हें भी प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ अध्यक्ष श्री विनोद उपाध्याय, अजाक्स के संभागीय अध्यक्ष बंशीलाल धनवाल, मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भागीरथ परमार, शिक्षक कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश कुमार, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोपाल सिंह ठाकुर, अपाक्स के अध्यक्ष एचएस निमजे सहित अनेक कर्मचारी संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उड़ान वार्षिक खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**भैरूदा।** नगर के अग्रणी संस्था तरूण पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल में तीन दिवसीय उड़ान वार्षिक खेल महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ है,जिसमे कार्यक्रम के मुख्य आथित्य मारुति शिशिर अध्यक्ष नगर परिषद भैरूंदा , नीलमणि सैंगर वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक, रितेश मकवाना नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि,सु नील पवार खेल प्रशिक्षक में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती का पूजन दीपप्रज्वलन करके शुरू हुआ। संस्था के हैड बॉय विवेक मालवीय को मशाल लेकर औपचारिक शुरुआत हुई। तीन दिवसीय आयोजित खेल उत्सव में संस्था के चार हाउस लिटिल लॉयन, एक्सपर्ट ईगल्स, टैलेंटेड टर्टल, सॉलिड शार्क के बीच 15 तरह के खेलों में सम्पन्न होगा। आयोजन में बच्चों द्वारा मार्च पास्ट करके खेलो की शुरुआत की जिसमें अलग अलग हाउस में मेंबर,कप्तान ओर बैंड पार्टी द्वारा निकाल गया। आयोजन में मुख्य अथिति के रूप में नगर अध्यक्ष मारुति शिशिर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए,जनक जीवन से जुड़ी कई रौचक जानकारी बच्चों को दी,स्वामी विवेकानंद को अपने जीवन का आदर्श मान कर आगे बढ़ने की सलाह दी। बच्चों को संबोधित करते हुए श्री सैंगर ने बच्चों को खेलों के प्रति अपना झुकाव बढ़ा कर अच्छा प्रदर्शन करने की सलाह दी ,खेलों से शारिरिक व्यायाम ही नही ,मानसिक रूप से भी सुदृढ़ बनाता है।खेलो के प्रति बच्चों के झुकाव ओर उन्हें इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए संस्था में हो रहे प्रयासों के बारे में संस्थाप्रमुख आर. बी. मालवीय में पालकों एवं विद्यार्थियों को जानकारी दी,ओर उन्हें प्रेरक प्रसंगों से अवगत करवाया। इस अवसर सभी अथितियों का सम्मान शाल श्रीफल देकर किया गया। इस मौके पर संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकायें मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय विश्व हिंदी दिवस पर कार्यक्रम और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के हिन्दी विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर छात्राओं हेतु एक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक ''हिन्दी पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जोड़ना'' थीम पर आधारित रहा। वाणिज्य विभागाध्यक्ष एवं आई.क्यू.ए.सी समन्वयक डॉ. जया शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि हमें दैनिक कार्यकलापो में हिन्दी का उपयोग करना चाहिए क्योकि आज हिन्दी ही विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। जो हमें पूरे विश्व से जोड़ने में सहायक है तथा आज पूरा विश्व हिन्दी सीख रहा है कार्यक्रम मे सहायक प्राध्यापक सी.ए श्री उमेश भावसार ने छात्राओं को कार्यक्रम के शीर्षक ''हिन्दी पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जोड़ना तथा आरर्टिफिशियल इंटिलिजेंट्स के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा छात्राओं ने स्वरचित काव्यपाठ एवं भाषण द्वारा परिचर्चा में भाग लिया इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक लखनलाल कलेशरिया तथा सतीश शर्मा एवं सौरभ कुशवाह द्वारा विषेश सहायोग रहा। पूजा मालवीय अंजू बरेला, संजना रेकवार, मंजू मेंवाड़ा निकिता, मनीषा, सलोनी, करीना, किरण आदि छात्राओ ने अपनी प्रस्तुतिया दी। कार्यक्रम में लगभग 40 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।




### सभी वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के निर्देश

**सीहोर।** उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा परिवहन विभाग को जिले के समस्त वाहनों में 06 माह के भीतर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के निर्देश दिए गए है। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार समस्त शासकीय एवं अशासकीय वाहनों में एचएसआरपी 06 माह में अनिवार्य रूप से लगाई जाना सुनिश्चित किया जाए। न्यायालय द्वारा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व निर्मित एवं पंजीकृत वाहनों पर तीसरे रजिस्ट्रेशन चिन्ह सहित हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के संबंध में प्रक्रिया निर्धारित की गई है। एचएसआरपी लगाने के लिए 15 जनवरी तक की तिथि निर्धारित की गई है। नियत तिथि के पश्चात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर चालानी एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।


## कल युवा दिवस के रूप में मनेगा स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप मनाया जाएगा। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री तिवारी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम आवासीय खेल परिसर में सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में प्रभारी कलेक्टर श्री तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं, आश्रम शालाओं, पंचायतों में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी, शैक्षिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम को अधिक व्यापक एवं सफल बनाने की दृष्टि से स्वयंसेवी संगठनों तथा आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं जनसामान्य में चेतना जागृत कर कार्यक्रम को अधिक व्यापक बनाये जाने के लिए प्रभारी कलेक्टर श्री तिवारी दिशा-निर्देश दिए।

राज्य शासन द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2024 को समस्त शिक्षण संस्थाओं, महाविद्यालयों, पंचायतों तथा आश्रम शालाओं में प्रातः 9.00 से 10.30 बजे तक सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन नियत किया गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत, वन्देमातरम तथा मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा, तत्पश्चात पूर्व की भाँति रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री का रिकार्डेड संदेश प्रसारित किया जाकर सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम संपन्न होगा। सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ एक संकेत पर किया जायेगा।



सामूहिक सूर्य नमस्कार में कक्षा 6 वीं से 12वीं तक के तथा महाविद्यालयीन विद्यार्थी शामिल होंगे। प्राथमिक शाला में कक्षा 01 से कक्षा 05 तक के बच्चे सूर्य नमस्कार करने में शामिल नहीं होंगे, लेकिन वे दर्शकों के रूप में उपस्थित होंगे तथा इच्छुक व्यक्ति किसी भी शिक्षण संस्था में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकें। सूर्य नमस्कार में छात्राएं सलवार सूट/ ट्रेक सूट तथा छात्र स्कूली गणवेश/ट्रेक सूट में सम्मिलित होंगे । सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में किसी भी संस्था अथवा छात्र/छात्रा का भाग लेना पूर्णतः स्वैच्छिक होगा। बैठक में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्त, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत , डिप्टी कलेक्टर तन्मय वर्मा, मनीष शर्मा सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### एलआईसी कर्मचारियों ने नई भर्ती एनपीएस में सुधार और वेतन संशोधन की मांग

# एलआईसी अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एल आई सी में नई भर्ती एनपीएस में सुधार एवं वेतन संशोधन की मांग को लेकर 1 घंटे की बहिरगमन हड़ताल एलआईसी कार्यालय में की गई हड़ताल में अधिकारी विकास अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की एवं हड़ताल को शानदार रूप से सफल किया ।

हड़ताली साथियों को यूनियन के संयुक्त सचिव राजीव कुमार गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम में 40 करोड़ पॉलिसी धारक हैं एवं दुनिया की यह चौथी सबसे बड़ी कंपनी है साथ ही इसमें कोविड से लेकर भूकंप बाढ़ इत्यादि तमाम आपदाओं में अपने क्लेम निर्धारण से दुनिया में सबको चकित किया है । दुनिया की इतनी बड़ी कंपनी होने के बावजूद भी निगम का उच्च स्तरीय प्रबंधन जायज मांगों पर अडंगे लटका रहा है । भारतीय जीवन बीमा निगम का आकार लगातार बढ़ता जा रहा है एवं कर्मचारी लगातार रिटायर हो रहे हैं कर्मचारियों की भारी कमी निगम में महसूस की जा रही है । लंबे समय से नई भर्तियों की मांग पूरी नहीं की जा रही है जिसे निगम एवं सरकार लगातार अनसुना कर रही है । साथ ही ओल्ड पेंशन स्कीम की मांग को पूरा नहीं किया गया है एवं न्यू पेंशन स्कीम में निगम के अंशदान को बढ़ाने की मांग को भी पूरा नहीं किया गया है । विगत कई महीनो से पेंडिंग वेतन संशोधन पर निगम कोई बातचीत नहीं कर रहा है इन तमाम मुद्दों को लेकर निगम के समस्त अधिकारी विकास अधिकारी व कर्मचारी आज 1 घंटे की बहिरगमन हड़ताल किए हैं । ऑफिसर्स यूनियन के नवीन सक्सेना जी ने संबोधित करते हुए कहा कि हम पूर्णतः जायज मांगों को लेकर आंदोलित हैं जबकि सरकार उद्योगपतियों के झोले तो भर रही है लेकिन मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग पर सरकार का कोई फोकस नहीं है । ऑफिसर्स यूनियन के ही साथी मूलचंद साहू ने भी हड़ताल में शामिल होते हुए अपनी बात रखते हुए कहा कि हम आगे भी संघर्ष के लिए कमर कस लिए हैं । विकास अधिकारी यूनियन के साथी नितेश अतुलकर ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हम ने यह आंदोलन की शुरुआत की है और सरकार को हम यह दिखा देना चाहते हैं कि हम सभी कर्मचारी संगठन एकजुट है और अपनी मांगों को हासिल होने तक संघर्षरत रहेंगे । हड़ताल में यूनियन के सचिव साथी गणेश प्रसाद ने सभी साथियों को हड़ताल सफल करने के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया एवं संघर्ष की अलख जगाये रखने का आह्वान किया । हड़ताल के दौरान पूरे समय साथ ही गणेश प्रसाद राकेश राठौर हेमलता वशिष्ठ सुरेंद्र सिंह यादव सुमित लाल अशोक जायसवाल सिलवेरियस खेस्स मानसी शर्मा प्रमिला शास्त्री अंकित श्रीवास्तव विजय कुमार बृजलाल पटेल नितेश अतुलकर गौरव वर्मा सत्यम बरसैयां मयंक जैन बहादुर सिंह पौडवाल बालमुकुंद मिश्रा उमेश कुशवाहा लक्ष्मी नारायण सहित काफी संख्या में अभिकर्ता साथी भी मौजूद थे ।



### तीनों शिक्षकों ने सिंगरौली में ली थी ज्वाइनिंग, बाद में राजगढ़ हुआ ट्रांसफर

# फर्जी मार्कशीट से पाई नौकरी, 3 शिक्षकों की नियुक्तियां निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पिछले दिनों फर्जी विकलांगता प्रमाण-पत्र से नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों के मामले के बाद अब तीन शिक्षकों द्वारा नियुक्ति के समय डीएड की फर्जी मार्कशीट प्रस्तुत करने का मामला सामने आया है। तीनों शिक्षकों की नियुक्ति सिंगरौली जिले में हुई थी जिन्होंने बाद में राजगढ़ जिले के अलग-अलग स्कूलों में अपना तबादला करवा लिया था। सिंगरौली शिक्षा विभाग ने इन तीनों शिक्षकों की नियुक्तियां निरस्त कर दी हैं। अब शिक्षा विभाग द्वारा तीनों शिक्षकों पर कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत करने के चलते एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई की जा रही है।




#### क्या है पूरा मामला

साल 2023 में स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षकों के पदों पर शिक्षकों की भर्ती की थी। सिंगरौली जिले में भी कई शिक्षकों की नियुक्तियां की गईं। इनमें से 22 शिक्षक ऐसे पाए गए जिन्होंने कनार्टक यूनिवर्सिटी से डीएड की मार्कशीट नियुक्ति के समय अपने दस्तावेजों के साथ जमा करवाई थीं। जब बाद में इन मार्कशीटों का सत्यापन करवाया गया तो वे पूरी तरह फर्जी पाई गईं। ऐसे में अब सभी की नियुक्तियां विभाग ने रद्ध कर दी हैं। जिन तीन शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त की गई है उनमें से तीन शिक्षक वर्तमान में राजगढ़ जिले की अलग-अलग शालाओं में पदस्थ हैं। इनमें बोरखेड़ा स्कूल नरसिंहगढ़ में पदस्थ सुनीता चौहान, बनी शाला सारंगपुर के बालचंद नागर एवं कांकरिया खुर्द स्कूल में पदस्थ शिक्षक राहुल सिंह शामिल हैं।

#### यूनिवर्सिटी ने लिखा हमने जारी नहीं की मार्कशीट

राजगढ़ शिक्षा विभाग ने इन तीनों की डीएड मार्कशीट के संबंध में कर्नाटक स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी में मार्कशीट के सत्यापन के लिए 12.03.2023 को पत्र भेजा। वहां से जवाब मिला कि यूनिवर्सिटी द्वारा उक्त मार्कशीट जारी नहीं की गई हैं। यूनिवर्सिटी से हुए सत्यापन के बाद सिंगरौली जिला शिक्षाधिकारी ने तीनों की नियुक्ति निरस्त कर दी हैं।

#### इनका कहना है...

दस्तावेजों में डीएड की फर्जी मार्कशीट प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों की नियुक्तियां हमने निरस्त कर दी हैं। एफआईआर के लिए बीईओ द्वारा थाने में आवेदन दिया जा रहा है। पूर्व में भी आवेदन दिया था लेकिन कुछ दस्तावेजों की कमी थी। अब दस्तावेज पूर्ण कर लिए गए हैं।

**- एसबी सिंह,** जिला शिक्षाधिकारी, सिंगरौली

## जनप्रतिनिधियों के साथ जनमन अभियान के संबंध में हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत जिले में चल रहे सर्वे कार्य के दौरान कोई भी आदिवासी बाहुल्य ग्राम सर्वे से वंछित न रहे। इस हेतु संबंधित अधिकारियों का दायित्व है कि सर्वे कार्य की निरंतर मॉनीटरिंग करते रहे। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी महान्याय अभियान के तहत बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में नये छात्रावासों के प्रस्ताव शासन को भेजे जाने के निर्देश दिये। साथ ही वन विभाग द्वारा विकसित किय जा रहे वन धन विकास केन्द्र की विस्तृत जानकारी ली एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा नवीन आंगनवाडी केन्द्रों के प्रस्ताव शासन को भेजे जाने निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा जनप्रतिनिधियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की गई की वह सहरिया बस्ती चिन्हित कर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं।

## जाली नोट मामले में 5 साल का सश्रम कारावास और अर्थदंड



**ब्यावरा।** जाली नोट परीक्षण प्रकोष्ठ बैंक नोट देवास के द्वारा अभिमत देने के बाद जप्तशुदा नोट नकली होने पर अभियुक्त भययू पिता मुंशी खां के विरूद्ध द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ब्यावरा अशोक शर्मा ने भय्यू खॉ उम्र 40 साल निवासी अर्जुन नगर कॉलोनी आगर जिला आगर मालवा को 5 साल की सजा एवं 50 हजार का अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले की पैरवी अपर लोक अभियोजक ब्यावरा दिनेश साहू ने की। उल्लेखनीय है कि 22 मई 22 को चैहान टेवल्स बस स्टेण्ड ब्यावरा में अभियुक्त की जेब से 500-500 के 26 नोट मिले थे। प्रथम दृष्टया जो नकली दिखाई दे रहे थे। इसी मामले में सिटी थाना ब्यावरा में 489ए, 489सी के तहत मामला पंजीबद्ध किया जाकर जांच शुरू की गई थी।

शीतलहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की

## शीतलहर की चपेट में जिला दिन में निकली गुनगुनी धूप



**राजगढ़।** बीते करीब एक हफ्ते से संपूर्ण जिला शीतलहर एवं कोहरे की चपेट में है। मंगलवार को भी सूर्यदेवता गुनगुनी धूप लिए कुछ ही समय के लिए नजर आए और फिर बादलों की ओट में छिप गए। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो-तीन दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रहेगा वहीं कहीं-कहीं बूंदाबांदी की संभावनाएं भी जताई गई हैं।

इधर, शीतलहर के कारण आमजनों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। मैदानी कर्मचारियों से कहा गया है कि शीतलहर से बचाव के लिए जनसामान्य द्वारा अपनाए जाने वाले उपायों से संबंधित सुझाव चिकित्सालयों में पदर्षित किए जाएं। शीतलहर से ग्रसित व्यक्तियों की चिकित्सा हेतु आवष्यक दवाइयों की उपलब्धता सभी चिकित्सालयों में सुनिष्चित की जाए।

#### सभी स्कूलों का समय हुआ नियत

स्कूल शिक्षा विभाग ने सोमवार देर रात्रि आदेश जारी किया है जिसके तहत कोई भी निजी या शासकीय स्कूल प्रातः 10 बजे के पहले न खोला जाए। आदेश के तहत मंगलवार को सभी स्कूल 10 बजे के बाद ही संचालित किए गए।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न



**पचोर।** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में 103 प्रतिभागियों एवं सीनियर वर्ग में 151 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में हमारे जिले से लेकर प्रदेश व देश में राजनैतिक व धार्मिक ज्ञान को बढ़ाना था।

## योग समिति की बैठक विखं शिक्षा विभाग में आयोजित

### योग प्रभारी संतोष विश्वकर्मा ने ग्राम योग समितियों के गठन के बारे में चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

विकासखंड योग समिति की बैठक का आयोजन विकास खण्ड शिक्षा विभाग में आयोजित हुई। जिसमें विकास खंड योग प्रभारी संतोष विश्वकर्मा द्वारा ओम के उच्चारण के साथ के समारोह का शुभारंभ किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जगदीश बैरागी द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया। तत्पश्चात संतोष विश्वकर्मा द्वारा ग्राम योग समितियां के गठन के बारे में चर्चा की गई। जिसमें जीरापुर ब्लॉक के अंतर्गत 10 संकुल के 284 ग्रामों में योग समिति गठित करने का काम चल रहा है। 142 ग्रामों में योग समिति गठित हो चुकी है बाकी ग्रामों में भी शीघ्र गठन हो जाएगी।



बैरागी द्वारा बताया गया कि आने वाले युवा दिवस 12 जनवरी को शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी शासकीय, अशासकीय संस्थाएं एवं जन सामान्य आमंत्रित रहेंगे जो प्रोटोकॉल अनुसार किया जाएगा। हम गांव-गांव में जन सामान्य से भी संपर्क करेंगे। हम योग कक्षाएं चलाते हैं योग से बहुत लाभ हैं मेरे यहां जो योग कक्षा में आते हैं उन लोगों को भी योग से बहुत लाभ है सभी सुबह जल्दी उठकर मेरी योग कक्षा में आते हैं। संजय पंवार, कलावती जमींदार, राम रतन गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर 3साल की नन्ही बालिका दृष्टा विश्वकर्मा ने खाने के बाद किया जाने वाला आसन वज्रासन बताया उसने कहा इसके करने से खाना पच जाता है अंत में शांति पाठ के साथ बैठक का समापन किया गया।

## अक्षत वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ

### घर-घर पीले चावल वितरण कर निमंत्रण दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या आए अक्षत वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। खंड प्रभारी पुरुषोत्तम दांगी ने बताया कि सभी ग्राम समितियों के विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया एवं घर-घर जाकर पीले चावल वितरण कर निमंत्रण दिया। साथ में मंदिर का चित्र पत्रक स्टीकर प्रत्येक परिवार को भेंट किया। समाजजनों ने कार्यकर्ताओं का मंगल तिलक के साथ स्वागत किया। तथा समाज से 22 जनवरी को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में दीपक उत्सव के साथ दीपावली मनाने का आग्रह किया। अक्षत वितरण कार्यक्रम में गनियारी कड़िया चंद्रावत नरसिंहपुर श्यामपुरा खेड़ी धर्माखेड़ी मुड़ला बजरंग कुदाली शाहपुर सभी ग्राम इकाइयों में 1500 परिवारों तक अक्षत वितरण किया गया। सफल आयोजन के लिए खंड प्रभारी पुरुषोत्तम दांगी ने सभी ग्राम समितियों के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## कॉलेज चलो अभियान में शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को दी सीख

**खिलचीपुर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के नवाचार कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय खिलचीपुर के सहायक प्राध्यापकगणों ने कॉलेज चलो अभियान की शुरुआत खिलचीपुर नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ किया। प्राध्यापकगणों ने स्कूल जाकर कक्षा 12वीं में अध्ययन कर रहे छात्रों को बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीयन कैसे करना है, विषय का चुनाव सावधानी पूर्वक करना है।




शासकीय महाविद्यालय में अध्ययन करने के दौरान छात्रों को क्या-क्या सुविधाएं प्राप्त होगी एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मुख्य के साथ अपने रुचि का विषय चुनाव करने आदि की जानकारी प्रदान की। साथ ही छात्रों की जिज्ञासाओं को पूरा किया। विद्यालय के छात्रों ने कॉलेज चलो अभियान में जानकारी प्राप्त कर खुशी जाहिर की। कालेज चलो अभियान में पीडी गुप्ता सहायक प्राध्यापक, क्रीड़ाधिकारी सुदीप यादव, सहायक प्राध्यापक प्रिया साहू रमाकांत अठया ग्रंथपाल ने अपनी सहभागिता दी।

## पूजित अक्षत को अयोध्या निमंत्रण के रूप में किया जा रहा वितरित



**खुजनेर।** खुजनेर नगर में अयोध्या से आए पूजित अक्षत अयोध्या निमंत्रण के रूप में और श्रीरामलला मंदिर का चित्र घर-घर पहुंचाने का क्रम चल रहा है। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद,बजरंग दल, के कार्यकर्ताओं सहित नगर के राम भक्त नगर में श्रीराम का जयकारा लगाते हुए घर-घर अक्षत व अन्य सामग्री वितरित कर रहे हैं। घर घर अक्षत बांटकर सभी सनातन धर्म प्रेमियों से आगामी 22 जनवरी को अपने नगर, मोहल्ले के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने व घर को सजाकर दीपावली मनाने का आग्रह किया जा रहा है तथा 22 जनवरी के बाद सपरिवार अयोध्या जाकर श्रीरामलला के दर्शन करने का आग्रह किया जा रहा है। घर-घर अक्षत देने पहुंच रहे राम भक्तों का नगर के घरों पर मंगल तिलक लगाकर, स्वागत व सत्कार किया जारहा है। 1 जनवरी से प्रारंभ हुआ घर-घर जाकर अक्षत वितरण अभियान 15 जनवरी तक चलेगा। अक्षत वितरण में समस्त रामभक्त मौजूद रहे।

### युवा पीढ़ी को नशे की हालत में देख...

## रामपुरिया बालाजी समिति ने थाने जाकर दिया आवेदन




**छापीहेड़ा।** रामपुरिया बालाजी मंदिर प्रांगण में लगातार कई महीनों से नशा करने वाले लोगों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। जिससे आस्था से सरोकार बजरंग मंदिर पर दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को मुसीबतों का सामना करना पढ़ रहा है। नशेड़ी गंजेड़ी इकट्ठे होकर अशब्दों का प्रयोग करते रहते हैं। जमावड़ा बनकर बैठे रहते हैं तथा गांजा सिगरेट इत्यादि का नशा खुलेआम करते रहते हैं। यह सब देखकर पाटीदार संरक्षण समिति के सदस्यों ने मिलकर छापीहेड़ा थाने पर श्रद्धालुओं की असुविधाओं को देखते मंदिर प्रांगण सुरक्षा के मध्य नजर राम बालाजी मंदिर पुजारी दीपक बैरागी, कैलाश पाटीदार, चैन सिंह पाटीदार, नपा पार्षद घनश्याम पाटीदार, कान्हा पाटीदार, भेरूलाल पाटीदार, पूर्व पार्षद राजू पाटीदार, युवा नेता बंटी पाटीदार, राकेश पाटीदार, शुभम पाटीदार सभी ने मिलकर थाने जाकर सामाजिक तत्वों पर कार्रवाई के लिए आवेदन दिया। ऐसे में लगातार नगर के प्रमुख स्थान बालाजी परिसर पर खुले में नशा करने वाले लोगों को देखा जा सकता है। इससे तो साफ-साफ इस नगर में नशे का कारोबार अत्यधिक फल फूल रहा है पुलिस प्रशासन का ध्यान इस और होना अत्यधिक महत्व पूर्ण है। अगर समय रहते इस और ध्यान ना दिया तो आस्था के साथ साथ आने वाली युवा पीड़ियों को इसका खामीयाजा उठाना पड़ सकता है।

## संभागीय वॉलीबॉल में भोपाल ने राजगढ़ की टीम को हराया

### बालिका वर्ग में भोपाल विजेता, विदिशा उपविजेता



**राजगढ़।** राजगढ़ मुख्यालय पर चल रही अंतर विद्यालयीन संभागीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तहत सोमवार एवं मंगलवार को फाइनल एवं सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। उत्कृष्ट स्कूल परिसर में बालिका वर्ग का फाइनल विदिशा एवं भोपाल की टीम के बीच खेला गया, जिसमें भोपाल की टीम विजेता रही।

इसी तरह मंगलवार को बालक वर्ग का फाइनल करनवास राजगढ़ एवं कमला नेहरू भोपाल के बीच खेला गया। इसमें भोपाल की टीम ने राजगढ़ की टीम को पराजित कर दिया। बालिक एवं बालिका वर्ग से विजेता एवं उपविजेता रही। उक्त चारों टीमें अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी। जिला क्रीड़ाधिकारी महेंद्र परमार ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भी आगामी दिनों में राजगढ़ में होगी।

**कलेक्टर-एसपी ने किया पुरस्कृत:** मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबले के पूर्व कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं एसपी धर्मराज मीना ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। फाइनल के रोमांचक मुकाबले के बाद अधिकारियों के हाथों दोनों वर्ग में विजेता एवं उप-विजेता रही टीमों को रनिंग ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर जिला शिक्षाधिकारी देवेंद्र सिंह रघुवंशी, संभागीय क्रीड़ाधिकारी शर्मिला डाबर, पीटीआई रवींद्र सिंह तोमर, प्रेम साहू, फिरोज लोधी, मुकेश पिपलोटिया, योगेश तिवारी, कमलेश भिलाला, दीपक सौंधिया आदि उपस्थित थे।

### फूलमाली समाज ने सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

## भारत में नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता और प्रथम शिक्षिका थीं सवित्रीबाई : सुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-मलावर

फूलमाली समाज मलावर द्वारा भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 193वीं जयंती धर्मशाला परिसर में 3 जनवरी को मनाई गई। आल इंडिया माली सैनी सभा प्रदेश मीडिया प्रभारी व जिलाध्यक्ष सुरेश सुमन ने बताया की सावित्रीबाई फुले ने अपने पति महात्मा फुले के साथ मिलकर सन 1848 में भारत की प्रथम पाठशाला का महाराष्ट्र के पुणे नगर में शुरुआत की थी। उस समय उन्होंने लगभग महाराष्ट्र राज्य में 18 से अधिक बालिका विद्यालय प्रारम्भ किए। बालक बालिकाओं को शिक्षा देना शुरू किया। माता सावित्री फुले जब स्कूल में पढ़ाने जाती थी तो लोग उनको कहते थे यह कैसे महिलाओं को पढ़ा सकती हैं। लोग उन पर कीचड़ पत्ता गोबर आदि उनके ऊपर फेंक थे। वह अपने साथ झोले में एक साड़ी अलग से रख कर ले जाती थी, जिसको पहनकर बच्चों को पढ़ाकर घर जाती थी। वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू जब राष्ट्रपति पद निर्वाचित हुई थीं तो उन्होंने इसका श्रेय माता सावित्रीबाई फुले दिया। उन्होंने कहा कि



फुले दंपति द्वारा महिलाओं को जो शिक्षा का अभियान प्रारंभ किया था आज महिलाएं देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, डॉक्टर, इंजिनियर, शिक्षक, मजिस्ट्रेट सभी पदों पर सुशोभित हो रही हैं। इसमें प्रमुख योगदान महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले का रहा जिसको पूरा देश और विश्व हमेशा याद करता रहेगा। उनके जीवन पर प्रकाश डाला व नारी शिक्षा को बढ़ावा देने व उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया।

जगदीश सुमन (शिक्षक) ने समाज के बेटे बेटियों को शिक्षा का संकल्प दिलाया। साथ में फूलमाली समाज अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध दिनेश सुमन, उपाध्यक्ष गोवर्धन सुमन, सचिव सचिन सुमन ,को बनाया जिसमे बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। सभी को फूलमाला से स्वागत वंदन अभिनन्दन कर समाज के वरिष्ठ जानिओ युवा ने बधाई दी।

### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से भक्तों को मिल रहा निमंत्रण, घर-घर जाकर दे रहे पीले चावल



**लखनवास।** अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य मंदिर में भगवान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में उत्साह व श्रद्धा का माहौल देखने को मिल रहा है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के अलावा श्रीराम भक्त जगह-जगह जाकर पीले चावल और तस्वीर घर-घर पहुंच रहे हैं लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। लोदीपुरा गांव में पहुंचे आरएसएस के कार्यकर्ता सुरेन्द्र मीना द्वारा दिया गया। सरपंच व गांव वालों को आमंत्रण पत्र मिला है।

खबर संक्षेप

## बोर्ड परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल के प्रवेश-पत्र अपलोड

**आष्टा।** बोर्ड परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रवेश पत्र अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं के लिए इनकी जांच करने के बाद स्कूल प्राचार्य को घोषणा पत्र अपलोड करना होगा ।इसके बाद ही विद्यार्थी इनका प्रिंट निकाल सकेंगे। 10वीं और 12वीं क्लास की कक्षाओं की परीक्षा फरवरी में होने जा रही है ।लोकसभा चुनाव के चलते इस बार फरवरी के प्रथम सप्ताह में परीक्षा आयोजित की जा रही है ।इन परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र भी निश्चित हो गए हैं ।बोर्ड ने इस संबंध में सभी प्राचार्यों को निर्देश भी जारी किए हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के सभी स्कूलों के प्राचार्य को अपने यहां पर पड़ने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्रों को चेक करना होगा ।उनके नाम ,कक्षा, विषय ,तारीख आदि सही है कि नहीं। गलत होने पर उसमें संशोधन के लिए लिखना होगा ।अगर सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र सही पाए गए तो उन्हें एक घोषणा पत्र अपलोड करना होगा ।जिसमें यह लिखा होगा कि उन्होंने सभी प्रवेश पत्रों को चेक कर लिया है। वह सही पाए गए हैं ।इस घोषणा पत्र के बाद में बोर्ड के अधिकारी प्रवेश पत्र को जारी कर देंगे। विद्यार्थी इसकी प्रिंट निकाल सकेंगे। उसे दिखाकर परीक्षा केंद्र में परीक्षा दे सकेंगे।

### विश्राम गृह पर बैठक में थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के दिए निर्देश

# शासकीय जगह से हटाकर निर्धारित स्थान पर ही लगवाएं दुकानें: विधायक

शासन के आदेश जारी होने के कई दिन बाद भी नगर में अभी तक मांस बेचने वालों के लाइसेंस जारी नहीं हुए हैं। खुले में ही बेच रहे अंडे और मांस- मछली।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासन के आदेश जारी होने के कई दिन बाद भी नगर में अभी तक मांस बेचने वालों के लाइसेंस जारी नहीं हुए हैं। इसके बाद भी नगर सहित ग्रामीण अंचल में खुले में बेखौफ होकर मांस, मछली और अंडा बेचने वालों की दुकानें शासकीय भूमि पर लग रही है, उसे तत्काल हटवाई जाए तथा निर्धारित किए गए स्थान पर ही इन दुकानों को लगवाया जाए। थानों की सीमा का पूर्ण निर्धारण किया जा रहा है हमारे द्वारा दिए गए सुझावों एवं सरपंच आदि द्वारा दी गई जानकारी अनुसार संबंधित थानों में उन ग्रामों को जोड़ा जाए। ताकि लोगों को थाने तक पहुंचने में एवं अपनी सूचना पहुंचाने में परेशानी ना हो। उक्त बातें स्थानीय विश्राम गृह पर आयोजित बैठक में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहीं एवं उन्होंने पुलिस को निर्देशित किया कि मांस -मटन आदि की दुकानों के संबंध में शासन द्वारा दिए गए निर्देश का कड़ाई से पालन कराया जाए। अभी भी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में खुले में मांस-मटन, अंडे की दुकानें शासकीय भूमि पर ही संचालित हो रही है। बैठक में एसडीओपी आकाश अमलकर एवं नगर निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौर ने बताया कि आष्टा थाना के ग्राम चाचारसी, परोलियापार एवं सहबाजपुरा को पार्वती थाने में तथा पार्वती थाने के ग्राम ताजपुरा ,लच्छीरामपुरा एवं बोरखेड़ा को आष्टा थाने में जोड़ने के सुझाव दिए गए हैं। इसी प्रकार सिद्धिकगंज थाना के श्यामपुरा टप्पा ,अरनियाजोहरी, देवली, उदनपुरा, बांदरियाहाट को जावर थाने में तथा जावर थाने के चामसी, खामखेड़ा, बैजनाथ, धींगाखेड़ी को सिद्धिकगंज थाने में जोड़ा जाए।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि नगर में लाइसेंस नहीं बनने से मांस विक्रेता अवैध रूप से मांस, मछली बेच रहे हैं। शासन के नियम अनुसार मांस विक्रेताओं द्वारा बकरा, बकरी, मुर्गा आदि को काटने से पहले पशु चिकित्सक को दिखाना जरूरी है, लेकिन नगर में मांस विक्रेताओं द्वारा खुले में पशु चिकित्सक की जांच के बिना बकरा, बकरियां, मछली और मुर्गे आदि काटे जा रहे हैं। इससे यदि कोई मवेशी किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हुआ तो उसकी बीमारी उसे खाने वाले लोगों को भी हो सकती है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आदेश का पालन नहीं हो रहा है। नवीन सरकार के गठन के बाद सरकार ने अवैध रूप से खुले में अनाधिकृत जगहों पर मांस -मटन बेचने को लेकर जगह-जगह मांस की दुकान खोलकर मांस का व्यापार करने वालों पर सख्त आदेश जारी किए थे। आदेशों का कहीं-कहीं तो पालन हो रहा है, लेकिन कई जगह इन आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। बैठक में एसडीएम आनंद सिंह राजावत, एसडीओपी आकाश अमलकर,नगर निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ सहित पर्वती थाना, जावर थाना एवं सिद्धिकगंज थाना प्रभारी एवं सरपंच आदि उपस्थित थे।

# ट्रक में भरकर ले जा रही सागौन की लकड़ी जब्त

### ट्रक चालक हो गया फरार



**आष्टा।** वन अमले ने पुलिस के साथ मिलकर की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा। परिक्षेत्र अधिकारी इछावर नवनीत झा द्वारा परिक्षेत्र अधिकारी आष्टा राजेश चौहान को सूचना दी गयी कि मुखबिर द्वारा बताया गया है कि एक अवैध सागौन इमारती लकड़ी से भरा आयशर ट्रक इछावर-आष्टा से होता हुआ जाने वाला है। जिसके पश्चात परिक्षेत्र अधिकारी आष्टा द्वारा आष्टा टी.आई. पुष्पेन्द्र राठौर से सम्पर्क कर उक्त कार्रवाई में पुलिस स्टॉफ का भी सहयोग प्राप्त किया।

जिसके पश्चात परिक्षेत्र अधिकारी इछावर श्री झा के निर्देशन में एक संयुक्त दल गठित किया गया। जिसमें दल प्रभारी डिप्टी रेंजर चंदन सिंह भिलाला द्वारा परिक्षेत्र इछावर व आष्टा के स्टॉफ के सहयोग से तीन दलों का गठन कर संभावित स्थलों पर उक्त आयशर को पकड़ने के लिये बेठे तभी मुखबिर द्वारा बताये गये एक स्थल गिट्टी मशीन जोड़ से गुराड़िया पत्थर की ओर तेज रफ्तार में 1 लाल रंग की आयशर आती दिखाई दी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया, तो वन अमले को देखकर वाहन चालक ने उक्त आयशर खेत की ओर से भगाने का प्रयास किया, पर ट्रक वहीं पल्टी खा गयी। जिसके बाद आयशर वाहन का ड्रायवर वाहन व लकड़ी को छोड़कर कोहरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पल्टी खाई आयशर को क्रेन के सहयोग से सीधा कर परिक्षेत्र आष्टा लाया गया। रेंजर राजेश चौहान ने बताया कि उक्त कार्रवाई इछावर रेंजर नवीनत झा, आष्टा टी.आई. पुष्पेन्द्र राठौर के सहयोग से ग्राम उछालाखेड़ी के पास से की गयी है। जिसमे एक वाहन आयशर को सागौन इमारती चरपट 124 अवैध रूप से परिवहन करते हुये जब्त किया गया है। जिसमें विधिवत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण में जांच की जा रही है।

इस सफलता म रेंजर नवनीत झा, आष्टा टीआई पुष्पेन्द्र राठौर, डिप्टी रेंजर चंदर सिंह भिलाला, शैलश कुमार सिंह, कमलेश वर्मा, मुकेश ठाकुर, चेतन आर्य, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, भूपेन्द्र डुगरिया, विकास कनोसिया, चंदर सिंह जलोदिया, अर्जुन वर्मा, आषीष वर्मा, कपिल यादव, फैसल चंचल चंदेल, जय सक्सेना, दीपेन्द्र चौहान, रामभरोस, नितेश पाटीदार आदि वनकमर्चारियों की महत्वूपर्ण भूमिका रही।

# मकर संक्रांति: गजक और पतंग की सजी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मकर संक्रांति का पर्व समीप आते ही नगर में गजक और पतंग की दुकानें सज कर तैयार हो चुकी है। जहां पर ग्राहकी भी देखी जा रही है। मकर संक्रांति पर्व इस बार 15 जनवरी को मनाया जाएगा। सूर्य 14 जनवरी को अर्ध रात्रि 2.44 बजे धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्यास्त के बाद राशि परिवर्तन करने से इस साल मकर संक्रांति का पुण्यकाल 15 जनवरी को रहेगा।

इसलिए इस साल मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। इस वर्ष मकर संक्रांति अश्व पर बैठकर आ रही हैं। अर्थात वाहन अश्व और उपवाहन सिंहनी होगा। मकर संक्रांति के आगमन के साथ ही एक माह का खरमास भी समाप्त हो जाएगा। नगर के मारुपुरा में कैलाश कुशवाह की पतंग दुकान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र वाली एवं वर्ष 2024 लिखी हुई एवं तिरंगा वाली पतंग अधिक बिक रही है। यहां पर 50 से लेकर 350 रुपए तक की पतंग बिक रही हैं। नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक एवं ज्योतिषाचार्य डॉक्टर दीपेश पाठक ने बताया कि इस साल की मकर संक्रांति विद्वान और शिक्षित लोगों के लिए काफी अच्छी रहने वाली है। व्यापारियों और कारोबारी लोगों को वस्तुओं की लागत कम होने से कुछ लाभ होने की संभावना है। हालांकि इस दौरान किसी तरह का भय और चिंता बनी रह सकती है। लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में मधुरता आएगी। अनाज के भंडारण में वृद्धि होगी। पंडित पाठक बंधुओं ने बताया कि सूर्य आराधना का महापर्व मकर संक्रांति तारीख से 14 जनवरी को मनाया जाता है। लेकिन वर्ष 2024 में भी यह 15 जनवरी को मनाया जाएगा। क्योंकि सूर्यनारायण 14 जनवरी को अर्द्ध रात्रि 3.44 बजे धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्यास्त के बाद राशि परिवर्तन करने से मकर संक्रांति का पुण्यकाल 15 जनवरी को रहेगा। ऐसे में इस साल भी मकर संक्रांति पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। इस वर्ष मकर संक्रांति अश्व पर बैठकर आ रही है अर्थात वाहन अश्व और उपवाहन सिंहनी होगा।

ज्योतिषियों के अनुसार मकर संक्रांति पौष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 15 जनवरी को रवि योग, शतभिषा नक्षत्र में मनाई जाएगी। रवि योग सूर्योदय के साथ सुबह 7.07 से प्रारंभ होकर दिनभर रहेगा। इस दिन भगवान को तिल व तिल के लड्डू और गेहूं व चावल के खिचड़े का भोग लगाने का महत्व है।पंचांग के अनुसार मकर संक्रांति का प्रारंभ 14 जनवरी को अद्धरात्रि 3.44 बजे से प्रारंभ होगा, इसलिए यह पर्व 15 जनवरी को उदयातिथि में मनाया जाना श्रेष्ठ है। इसका पुण्य काल 15 जनवरी सोमवार को सूर्योदय से शुरू होगा और दिनभर रहेगा। मकर संक्रांति के पुण्य काल में तीर्थों में स्नान, दान, जप तथा धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व है। यदि तीर्थ स्थल जाना संभव नहीं है तो घर पर ही सूर्योदय के पूर्व उठकर पानी में गंगाजल डालकर स्नान करें।

मकर संक्रांति पर चावल, मूंग की दाल, काली तिल, गुड़, ताम्र कलश, स्वर्ण, ऊनी वस्त्र आदि का दान करने से समृद्धि मिलती है। इस दिन भगवान सत्यनारायण की कथा भी की जाती है। संक्रांति 14 जनवरी की अर्द्ध रात्रि में होने की वजह से 2019 और 2020, 2023 में भी 15 जनवरी को मनाई गई थी। मकर संक्रांति का पर्व 80 से 100 साल में एक दिन आगे बढ़ जाता है। 19वीं सदी में मकर संक्रांति पर्व 13 और 14 जनवरी को मनाया जाता था।

# स्कूल में कॉलेज चलो अभियान की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कलावती कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टड्रीज आष्टा कालेज चलो अभियान के तहत सी.एम.राइज स्कूल व कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में इस अभियान का षुभांरम्भ किया गया । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा जो नई शिक्षा नीति लागू की गई है। उनके तहत महाविद्यालय मे विद्यार्थीयो की संख्या बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश बडोदिया ने कालेज चलो अभियान के तहत दोनों ही विद्यालयो में यह जानकारी ही कि कलावती कॉलेज में विभिन्न सुविधांए उपलब्ध है। शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति योजनाएं जैसे गांव की बेटी, दिव्यांग छात्रवृत्ति, आवास योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, अल्पसंख्यक योजना आदि इस तरह की योजनाएं महाविद्यालय में उपलब्ध है। महाविद्यालय में बीए, बीए कम्प्यूटर, बीकॉम, बीकॉम कम्प्यूटर, बीएससी, बीबीए, बीसीए पाठ्यक्रम संचालित है। महाविद्यालय में प्रवेष लेने छात्र-छात्राओं को आनलाइन एडमिशन प्रक्रिया की जानकारी दी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम कॉलेज प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**आष्टा।** विद्यार्थियों को शासन की योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि बीते 6 माह से छात्रवृत्ति का पोर्टल ठप पड़ा है। उक्त समस्या को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई आष्टा द्वारा शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ पुष्पलता मिश्रा को उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री रजत सोनी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 6 माह से छात्रवृत्ति का पोर्टल ठप होने के कारण प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थी आज छात्रवृत्ति संबंधित विभिन्न प्रकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। जिसमें पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, आवास भत्ता, गांव की बेटी योजना, प्रतिभा योजना का लाभ नहीं मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का विद्यार्थी जो छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेता है। ऐसे में 6 माह से छात्रवृत्ति के पोर्टल बंद होना उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लापरवाही दर्शाता है। उक्त छात्रवृत्ति पोर्टल को तत्काल चालू करवा कर विद्यार्थियों को मिलने वाली शासन की योजना का लाभ दिलाया जाए ,ताकि गरीब वर्ग का विद्यार्थी अपनी शिक्षा को बरकरार रख सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान महाविद्यालय अध्यक्ष श्याम राजपूत, मंत्री अभिषेक मलेशिया, राहुल जाट, सोनू मालवीय ,प्रिंस कुशवाह, मनीष, भविष्य जैन, विकास डाबी, ध्रुव यादव, अंश राठौर आदि उपस्थित थे।

# मौसम में आया बदलाव, बन रही बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दिसंबर के तीसरे सप्ताह तक जब सर्दी ने जोर नहीं पकड़ा तो रबी की चना व मटर की फसलें इल्ली कीट व्याधि का शिकार होने लगी थीं। साल के अंत में सर्दी ने ऐसी दस्तक दी कि कोहरा, बूंदाबांदी के साथ आठ दिन से धूप नदारद है। दिन व रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री का अंतर चल रहा है। आज से तीन दिन बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।यह ठंडक अब गेहूं की फसलों पर संकट पैदा कर रही है। गेहूं की फसलें खेतों में पीली पड़ने लगी। कृषि विभाग वाले मानते है कि जिन किसानों ने खेत की सिंचाई कर दी, और लोकमान वैरायटी की बुबाई की है, वही फसल पीली पड़ रही है। चना व मटर के खेतों में भी सिंचाई होने से वह पीली पड़ रही। कृषि विभाग वाले फिलहाल किसानों को खेतों की सिंचाई न करने की सलाह दे रहे है। विदित रहे कि क्षेत्र में रबी फसल के तहत दलहन व तिलहन की बुवाई का सिलसिला अक्टूबर से शुरू हो जाता है। गेहूं की बुवाई नवंबर माह से होती है। इस बार दिसंबर माह के तीसरे सप्ताह तक सर्दी अपने शबाब पर नहीं आई थी। परिणाम चना व मटर की फसलों पर इल्ली कीट व्याधि का प्रकोप शुरू हो गया था। 25 दिसंबर को कोहरे ने दस्तक दी। इसके बाद से लगातार कभी हल्का, कभी मध्यम तो कभी घना कोहरा बना हुआ है। कोहरा कभी ओस के रूप में बरसा तो कभी बूंदाबांदी तो कहीं झमाझम के रूप में। इस बीच कभी कभी हल्की धूप निकलती रही। लेकिन 30 दिसंबर से धूप पूरी तरह से नदारद है। धूप न निकलने व दिन रात के तापमान में अधिक अंतर न होने से 24 घंटे ठंडक परेशानी का कारण बन रही। फसल के पौधों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया नहीं हो पा रही है। इसे पौधों की ग्रोथ ठीक से नहीं हो पा रही। अधिक ठंडक से गेहूं, चना व मटर की फसलें पीली पड़ने लगी। इलाके में आज से ही बारिश का असर शुरू होने की संभावना व्यक्त की है।मौसम विभाग ने तीनों ही दिन 5 से 15 एमएम बारिश दर्ज होने के आसार बताए है। लगातार पड़ रही ठंड और अब बने बारिश के आसार से रबी सीजन की गेहूं, चना आदि फसलों को फायदा होगा। यदि अनुमान के मुताबिक बारिश हुई तो फसलों में एक सिंचाई का काम हो जाएगा। इसका सीधा किसानों को फायदा होगा। वहीं जिन इलाके में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं था, वहां भी रबी सीजन की फसलों में पानी की आपूर्ति होगी। इससे उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। ज्ञात रहे मौसम विशेषज्ञों ने लगातार 3 दिन में एक इंच से भी ज्यादा बारिश होने के आसार बताए है। इतनी बारिश फासलों के लिए एक सिंचाई की पूर्ति कर देगी।ठंडी हवा की गति धीमी होने के साथ ही रात के तापमान में इजाफा होने लगा है। हालांकि तापमान बढ़ने के बाद भी दिन और रात के वक्त लोगों को ठिठुरन महसूस हो रही है।ठिठुरन बढ़ने से लोग अलाव सहारा लेते हुए भी नजर आए। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मौसम में बदलाव आने की संभावना है। आसमान पर फिर बादल छा सकते हैं।साथ ही क्षेत्र में कहीं-कही हल्की बारिश हो सकती है। दिन का तापमान 26 डिग्री के आसपास ही रहेगा।

# पेंशनर ने किया देवांचल धाम देवबड़ला का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



सीहोर जिला मुख्यालय के जावर क्षेत्र के समस्त पेंशनर ने सुंदरलाल राठौर जिलाध्यक्ष पेंशनर समाज सीहोर एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष के.एल.बैरागी के नेतृत्व में विगत दिन देवांचल धाम देव बड़ला का भ्रमण किया। कार्यक्रम का संयोजन पेंशनर समाज जावर के अध्यक्ष सुधीर सिंह विश्वकर्मा ने किया। भोपाल इन्दौर मार्ग मेहतवाड़ा के पास देव बड़ला प्राचीन एवं ऐतिहासिक अपनी यादें समेटे हुए हैं। यहाँ खुदाई के दौरान निकले पत्थरों से एक में भगवान भोलेनाथ का मंदिर बनकर तैयार हो चुका है एवं दूसरा मंदिर निर्माणाधीन है। परमार कालीन ऐतिहासिक एवं दुर्लभ मूर्तियाँ भी निकली है। नकुल सिंह ठाकुर सेवा निवृत्त फूड इंस्पेक्टर द्वारा सहभोज का आयोजन भी रखा गया। समस्त पेंशनर ने भजन कीर्तन किया एवं सम्पूर्ण देव बड़ला का भ्रमण कर न केवल रोमांचित हुए बल्कि अत्यंत प्रफुलित हुए। पेंशनर की मांगों के सम्बंध में जिला पेंशनर समाज के दिशा निर्देशन में प्रेषित ज्ञापन का वाचन भी किया गया, जो निकट भविष्य में शासन के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा। इस भ्रमण कार्यक्रम में सुधीर सिंह विश्वकर्मा अध्यक्ष पेंशनर समाज, जावर सचिव अशोक मालवीय, दिनेश चन्द्र बाहेती, नकुल सिंह ठाकुर, डॉ.ओमप्रकाश दुबे, करण सिंह मालवीय, मांगीलाल मालवीय, मेहरबान ठाकुर, सजन सिंह ठाकुर, ठाकुरलाल सौलंकी, चन्दरसिंह ठाकुर, शंकरलाल विश्वकर्मा, अम्बाराम मालवीय, अनारसिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### श्री जगदीश्वर धाम महिला मंडल ने राम मंदिर में किए आयोजन

# प्राण-प्रतिष्ठा से पहले महिलाओं ने गायी रामधुन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पौष कृष्ण पक्ष की सफला एकादशी के पावन अवसर पर नगर के गंज मोहल्ले में स्थित श्री जगदीश्वर धाम मंदिर में महिला मंडल द्वारा श्री राम प्रतिष्ठा से पहले रामधुन से श्री राम अर्चना भक्ति भाव के साथ की गई। पौष मास के अंतिम 5 दिन पूजा-अर्चना एवं दान पुण्य के लिए विशेष बताए गए हैं। सफला एकादशी व्रत सभी श्रद्धालुओं द्वारा रविवार को मनाया गया।भगवान लड्डू गोपाल के दरबार में भक्ति भाव के साथ भजन कीर्तन भी किए गए। सोमवार 8 जनवरी को अनुराधा नक्षत्र सर्वार्थ सिद्धि योग की भी निष्पत्ति हो रही है। नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक एवं ज्योतिषाचार्य डॉक्टर दीपेश पाठक ने बताया कि पौष कृष्ण पक्ष के आखिरी पांच दिनों में पूजा अर्चना तथा धार्मिक दृष्टि से दान-पुण्य के लिए विशेष महत्वपूर्ण है। इन 5 दिनों में 7 जनवरी को सफला एकादशी उसके पश्चात 9 जनवरी को भौम प्रदोष व्रत,10जनवरी बुधवार को जय प्रभ विजय पुण्य दिवस,महाशिवरात्रि के साथ-साथ 11 जनवरी को देव पितृ कार्य अमावस्या का विशेष योग घटित होगा ।इन योगों में जिन जातकों की पत्रिकाओं में पितृदोष राहु ,शनि व केतु या अंगारक योग से पीड़ित है , उन्हें भौम प्रदोष व्रत एवं देव पितृ कार्य अमावस्या के दिन वैदिक विधि से शांति के लिए उपाय करना विशेष शुभ रहेगा।

# कोहरा और शीतलहर में ठिठुरते हुए बच्चे आ रहे नजर, अभिभावक बोले-अब छुट्टियां होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



एक सप्ताह से सुबह के कोहरे और शीत लहर के बीच छोटे बच्चे स्कूल जाने के लिए मजबूर हैं। सुबह 9 बजे नर्सरी से लेकर 8वीं तक के बच्चे स्कूल के लिए घर से निकल जाते हैं। वहीं दूसरी ओर ठंड का कहर जारी है। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों के बीमार होने की चिंता सताने लगी है। मौसम को देखते हुए अभिभावकों ने स्कूलों की छुट्टी रखने की बात कही है।

शीतलहर से लोग कांप गए। लगातार सातवें दिन भी मौसम नहीं खुला। जिससे लगातार ठंड का कहर जारी है। फिर भी सुबह से कोहरे और शीत लहर के बीच स्कूल के बच्चे घर से निकले। कई बच्चे बस से जा रहे थे तो कई बच्चों के अभिभावक स्वयं ही सुबह ठंड के बीच उन्हें स्कूल छोड़ने पहुंचे। साथ ही कुछ बच्चे ऑटो-टैक्सी से स्कूल के लिए निकले। स्कूल जा रहे बच्चों में किसी को सर्दी हो रही थी, तो कोई ठंड से कांप रहा था। जब बच्चों से पूछा तो ठंड में स्कूल जाने का मन नहीं होना बताया। मौसम को देखते हुए बच्चों के अभिभावक भी ठंड में बच्चों को स्कूल नहीं भेजना चाह रहे हैं। ठंड का कहर लगातार जारी रहने से तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है। रविवार को न्यूनतम तापमान 15 डिग्री पर रहा। वहीं अधिकतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया। जिससे पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 4 डिग्री की गिरावट आई है।जिसके कारण रविवार का पूरा दिन ठंडा रहा। तापमान में कमी आने के साथ-साथ बारिश हुई है।